सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश

समेकित बाल विकास सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व शाला शिक्षा पाठ्यक्रम

"पहला प्रयास"

भाग : 11

माह जनवरी

मासिक विषय : हमारे सहायक

निदेशालय
महिला एव बाल विकास
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171001

आई.सी.डी.एस. कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व शाला शिक्षा पाठ्यक्रम

माह जनवरी

मासिक एंव साप्ताहिक विषय

पहला सप्ताह

हमारे सहायक

दूसरा सप्ताह

हमारे सहायक

चौथा सप्ताह

हमारे सहायक

माह : जनवरी

हमारे सहायक

तीसरा सप्ताह

हमारे सहायक

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए

- बच्चों के साथ मधुरता एवं कोमलता का व्यवहार रखें।
- 3 से 4 वर्ष और 4 से 5 वर्ष के बच्चों के साथ अलग–अलग गतिविधि करवाते समय यह ध्यान रखें कि दोनों ग्रुप के बच्चे गतिविधि में व्यस्त हैं और अगर कोई ग्रुप गतिविधि जल्दी खत्म करता है तो उन्हें कविता गाने या चाक से ड्राईंग करने के लिए कहें ऐसे समय उन बच्चों पर ज्यादा ध्यान दें जिन्हें कार्य करने में मुश्किल महसूस हो रही हो।
- कार्यकर्ता बच्चों की समझ और गति के अनुसार गतिविधियों को दोहराएं या जल्दी करवाएं, गतिविधियों की अवधि बच्चो की ध्यान अवधि(15–20 मिनट) के दृष्टिगत लगभग 20 मिनट की हो। अतिरिक्त समय समापन वह अगली गतिविधि की शुरुआत के लिए आबंटित करे। कार्यकर्ता उन विषयों को अधिक समय दें और दोहराएं जिन्हे बच्चों को समझने में मुश्किल हो रही हो ।
- मासिक विषय के अनुरूप समर्थक वातावरण बनाऐं रखने के लिए आंगनवाड़ी केन्द्र को विषय अनुरूप व्यवस्थित करें।
- कार्यकर्ता माह का विषय पहले सोमवार से आरम्भ करें, उदाहरणतः यदि पहला सोमवार 5 तारीख को है तो उस माह का विषय 5 तारीख से आरम्भ करे और 1 से 4 तारीख तक गत माह में करवाए गए विषयों की पुर्नावृति करवाएं इसी प्रकार कार्यकर्ता माह के चौथे सप्ताह के पश्चात भी माह के दौरान करवाए गए विषयों की पुर्नावृति करवाएगी और गतिविधियों के दौरान बच्चों का निरीक्षण और आंकलन की क्रिया को पूरा करेंगी।
- कार्यकर्ता हर दिन का पाठ्यक्रम पहले से पढ़कर रखें।
- कार्यकर्ता आंगनवाड़ी केन्द्र बन्द करने से पहले अगले दिन की गतिविधियों की सारी तैयारी कर लें। दैनिक गतिविधियों को आरम्भ करने से पूर्व ही सभी सहायक शिक्षण सामग्री व्यवस्थित कर ले ताकि दिन भर उन्हं सामान एकत्रित करने के लिए बच्चों को छोड़कर उठना न पड़े।
- यदि किसी दैनिक विषय के क्रियान्वयन में स्थानीय परिवेश के कारण कठिनाई हो तो किसो अन्य प्रासंगिक विषय का प्रयोग करें।
- यदि किसी दैनिक विषय को अवकाश अथवा किन्हीं अन्य कारणों कि वजह से लागू न कर सकें तो उसे माह के अन्त में करें।

माह– जनवरी

विषयः हमारे सहायक

पहला सप्ताह — साप्ताहिक विषयः हमारे सहायक

सोमवार — दैनिक विषयः डाकिया

लक्ष्यः–

माह के अन्त में बच्च सक्षम होंग–

1. हमारे सहायकों को जानने में।
2. उनके द्वारा पहने जाने वाली पोशाको के बारे में।
3. भिन्न–2 पोशाकों के रंगो की पहचान करने में।
4. हमारे सहायकों का हमारे जीवन में महत्व के बारे में।

समय — गतिविधियां

10:00 से 10:30

स्वागतः– आंगनवाडो कार्यकर्ता सभी बच्चों के साथ नाम लेकर नमस्ते से उनका अभिवादन करेगी। बच्चे भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को तथा आंगनवाडो सहायिका को नमस्ते करेंगे। इसके बाद निम्न प्रार्थना व राष्टगान करवाएं।

प्रार्थना	राष्ट्रगान
हम को मन की शक्ति देना, मन विजय करें! दूसरों की जय से पहले खुद को जय करे-2!! हम को मन की शक्ति देना, भेदभाव अपने मन से साफ कर सकें! दोस्तों से भूल हो तो माफ कर सकें!! खुद पे हौंसला रहे, बदी से हम डरें! दूसरों की जय से पहले खुद को जय करें हम को मन की शक्ति देना, मन विजय करें!! मुश्किलें पड तो, हम पे इतना कर्म कर! साथ दें तो धर्म का, चलें तो धर्म पर!! झूठ से बचे रहें, सच का दम भरें! दूसरों की जय से पहले खुद का जय करें !! हम को मन की शक्ति देना, मन विजय करें।	जन–गण–मन अधिनायक जय हे, भारत भाग्य विधाता। पंजाब, सिंध, गुजरात मराठा, द्रविड, उत्कल बंग। विन्ध्य, हिमाचल, यमुना, गंगा उच्छल, जलधि, तरंग। तव शुभ नामे जागे। तव शुभ आशिष मागे। गाए तव जय गाथा। जन–गण–मंगलदायक जय हे, भारत भाग्य विधाता। जय हे, जय हे, जय हे जय, जय, जय, जय हे।

स्वच्छता जांचः– कार्यकर्ता बच्चों से एक दूसरे के शरीर के अंगो एवं वस्तुओं की जॉच करने को कहें, सभी बच्चे एक दूसरे के नाखून, दॉत, बाल, कपड़े, आदि की स्वच्छता की जांच करे।

10:30 से 10:45

नाश्ता वितरण :– सभी बच्चों को गोले में बिठाकर नाश्ता वितरित करना एवं बच्चों की उपस्थिति दर्ज करना।

10:45 से 11:15

विषय आधारित वार्तालापः–

आंगनवाडो कार्यकर्ता मुक्त वार्तालाप करते हुए दैनिक विषय पर आएगी जैसेः–किस ने चिट्ठी देखी है ? घर में कभी कोई चिट्ठी आती है, चिट्ठी कौन देकर जाते हैं ? चिट्ठी घर पर आकर देने वाले को क्या कहते हैं, इत्यादि। फिर डाकिये का चित्र दिखाकर डाकिया की जानकारी दें।

11:15 से 11:45

बौद्धिक विकासः– परिकल्पना : श्रव्य/दृश्य– *(विधि–मिलान, विभेदीकरण, ग्रुपिंग)*

(3 से 5+ वर्ष के लिए)

- कार्यकर्ता साऊंड बॉक्स का खेल करवाए। बच्चों को बिना दिखाए डिब्बे में चीजं डालकर डब्बे को हिलाए और पूछे कि किसकी आवाज है ? डिब्बे में छोटे कंकड, रेत या अन्य चीजें बदल–2 कर डालते रहें, डब्बे को हिलाएं व पूछे।
- विभिन्न आकार के लिफाफों में छोटे–2 कंकड या दाल डाल कर बच्चों को लिफाफे छनकाकर, सुनाकर पूछना है कि किस में ज्यादा है, किस में कम है। किस लिफाफे से ज्यादा आवाज आ रही है किस से कम।
- छोटे बड लिफाफों का वर्गीकरण–

बडे छोटे

- उल्टे तथा सीधे रखे लिफाफों का वर्गीकरण–



उल्टा सीधा उल्टा सीधा

- एक समान वस्तु/चित्र का मिलान करवाएं–



11:45 से 12:15

शारीरिक विकासः– चलना/ संतुलन बनाना

(3 से 4 वर्ष की आयु वर्ग के लिए)

बच्चों के सिर पर चिटठी/लिफाफा रखकर चलने को कहेंगे। सभी बच्चों को मौका दें। रस्सी पर चलना है और चिटठी को गिरने नहीं देना है।

(4 से 5+ वर्ष की आयु वर्ग के लिए)

सभी बच्चों को एक–2 करके डाकिया बनाकर चिटठी बांटने का काम करवाएंगे व लैटरबॉक्स में चिटठी डाल कर वापिस आयेंगे।

12:15 से 12:45

भाषा विकासः– कविता/कहानी/पहेली

BUCKLE MY SHOE

ONE, TWO BUCKLE MY SHOE
THREE, FOUR, SHUT THE DOOR
FIVE, SIX, PICK UP STICKS
SEVEN, EIGHT, LAY THEM STRAIGHT
NINE, TEN, A BIG FAT HEN.

पहेली–पतली सी मैं दिखती हूं। छोटी सी मैं दिखती हूं।
परॉदा डाले फिरती हूं। कपड सिल कर देती हूं।
बोलो क्या ? उत्तर–सुई धागा।

12:45 से 01:15

सृजनात्मक विकासः–

रंग भरना/चित्रकला

लैटरबॉक्स का चित्र बनाकर उसमें रंग भरवाएं।

01:15 से 01:45

सामाजिक व भावनात्मक विकासः–

कहानी 'दर्जी और हाथी' को कार्यकर्ता स्टोरी चार्ट द्वारा करवाए।

एक दरजी था एक हाथी था। दोनों में पक्की दोस्ती थी। हाथी दरजी को अपनी पीठ पर बैठा कर घुमाता था। दरजी भी हाथी को बहुत प्यार करता था। हाथी रोज तालाब में नहाने जाता था। रास्त में दरजी की दुकान पडती थी। वह दुकान पर रुक कर अपनी सूंड खिडकी से अन्दर करता और दरजी को सलाम करता। दरजी प्यार से उसकी सूंड सहलाता। फिर उसे एक केला खाने को देता। हाथी केला लेकर चला जाता। हाथी तालाब में नहाता और लौटते समय दरजी के लिए एक फूल लेकर आता। फूल दरजी को देता और अपने घर चला जाता।

एक दिन की बात है कि हाथी रोज की तरह नहाने जा रहा था। रास्ते मे वह दरजी की दुकान पर रुका उसने अपनी सूंड खिडकी से अन्दर की। अन्दर दरजी बैठा सुई से कुछ सी रहा था। दरजी को उस दिन एक मजाक सूझा। उसने हाथी की सूंड में सुई चुभो दी।

हाथी को अपने दोस्त के इस मजाक पर बहुत गुस्सा आया पर वह वहां से चुपचाप चला गया। हाथी तालाब में नहाया पर उसने अपने दोस्त के लिए फूल नहीं लिया। रास्ते में वह दरजी की दुकान पर रुका। हाथी ने अपनी सूंड खिडकी से अन्दर की। दरजी ने सोचा कि हाथी उसके लिए फूल लाया होगा। पर उस दिन हाथी सूंड म तालाब से कीचड और पानी भर कर लाया था। हाथी ने सारा पानी और कीचड दरजी के उपर उडेल दिया। दरजी देखता रह गया। दुकान के सारे नए कपडे कीचड से सनकर गंदे हो गये।

<u>01:45 से 02:00</u>

पोषाहार वितरणः— बच्चों के हाथ धुलवाकर गोले में बिठाकर पोषाहार वितरण से पहले निम्न प्रार्थना करवाएंः—

खाने का समय हो गया। हम सब मिलकर खाएंगे।
हाथ भी धोया, मुंह भी धोया। हम खाने को तैयार हैं।
खाने का समय हो गया। हम सब मिलकर खाएंगे।
चम्मच से खायेंगे, नीचे नहीं गिराएंगे। जठा नहीं बचाएंगे।
खाने का समय हो गया। हम सब मिलकर खाएंगे।
ओम् शान्तिः शान्तिः शान्तिः

//**********//

माह– जनवरी

विषयः हमारे सहायक

पहला सप्ताह — साप्ताहिक विषयः हमारे सहायक

मंगलवार — दैनिक विषयः दर्जी

समय — गतिविधियां

10:00 से 10:30

स्वागत एवं स्वच्छता जांचः– स्वागत, प्रार्थना, राष्ट्रगान, स्वच्छता जांच व व्यायाम माह के प्रथम सोमवार के अनुरुप।

10:30 से 10:45

नाश्ताः– सभी बच्चों को गोले में बिठाकर नाश्ता वितरित करना एवं बच्चों की उपस्थिति दर्ज करना।

10:45 से 11:15

विषय आधारित वार्तालापः–

आंगनवाडो कार्यकर्ता मुक्त वार्तालाप करते हुए दैनिक विषय पर आएगी जैसेः– किस–2 ने दर्जी की दकान देखी है ? मम्मी–पापा जहां कपड़े सिलने के लिए देते हैं ? कौन–2 उनके साथ गया है ? हम कपड़े पहनते हैं, उन्ह कौन सिलता है ? दर्जी की दुकान में क्या–2 होता है, इत्यादि।

11:15 से 11:45

बौद्धिक विकासः– परिकल्पना : रंगो का ज्ञान– *(विधि – पृथकीकरण, छांटना व कमबद्ध)*
पहले पिछले कल करवाई गई गतिविधियों की संक्षिप्त पुनरावृति करें

(3 से 4 वर्ष के लिए)

- कार्यकर्ता बच्चों को गोले में खडा करे व खेल करवाए– बच्चे बोलेंगेः– रंग, रंग कौन सा रंग फिर कार्यकर्ता जिस भी रंग का नाम ले बच्चे उसी रंग की चीजों को छुएंगे।
- बच्चों को अलग–2 रंगो के कपड़े की कतरनें छांट के अलग करने को कहें।
- अलग–2 रंगो की पोशाकों, वर्दियों जैसे– स्वेटर, टोपी, फाक, पैंट, बस्ता, परदे, रुमाल आदि दिखाकर रंगो का ज्ञान करवायें और इन्हें रंगो के हिसाब से अलग–2 करें।

(4 से 5+ वर्ष के लिए)

- छोटे से बड़े कपडों के चित्र देकर उन्हं छोटे से बडा या बड से छोटा के कम में लगवाएं।

छोटे से बडा

बड से छोटा

- अलग क्या है

हरी टोपी	पीली फाक	हरी टोपी	?

<u>11:45 से 12:15</u>

शारीरिक विकासः– <u>भागना/दौडना</u>

(3 से 5+ वर्ष की आयु वर्ग के लिए)

1. बच्चों से दर्जी की मशीन चलाने का अभिनय करते हुए दौड लगवाएं
2. बच्चों से रंग बिरंगे कतरे उडाते हुए दौड लगवायें।
3. रंग–बिरंगे रुमाल पकडकर दूर–2 बच्चे खड़े करें। पहला बच्चा दूसरे तक पहूंचकर उसे अपना रुमाल देगा फिर दूसरा दो रुमालों को भाग के तीसरे को पकड़ाए। ऐसे ही अन्तिम बच्चे तक रुमाल की संख्या बढती जाएगी। बीच में जिससे एक भी रुमाल गिरा तो बच्चा खेल से बाहर।

12:15 से 12:45

भाषा विकासः— कविता / कहानी / पहेली

'BUCKLE MY SHOE' कविता व पहेली कार्यकर्ता अपने साथ सभी बच्चों से दोहराई करवायें।

12:45 से 01:15

सृजनात्मक विकासः— छापना एवं पेन्टिग

कागज पर मशीन का चित्र बनवाकर, बच्चों से उसमे किसी भी सब्जी के छापे लगवाएं।



मोटा जीन्स का कपड़ा, पतला रुमाल, जाली जैसा कपड़ा आदि को रंग बिरंगे घोल में भिगोकर बच्चों से अलग–2 डिजाईन के छापे लगवायें।

01:15 से 01:45

सामाजिक व भावनात्मक विकासः—

कहानी 'दर्जी और हाथी' को कार्यकर्ता फ्लैश कार्ड द्वारा दोहराई करवाएं।



01:45 से 02:00

पोषाहार वितरणः— बच्चों के हाथ धुलवाकर गोले में बिठाकर पोषाहार वितरण से पहले माह के प्रथम दिन करवाई गई प्रार्थना दोहराएं।

//**********//

माह– जनवरी

विषयः हमारे सहायक

पहला सप्ताह — साप्ताहिक विषयः हमारे सहायक

बुधवार — दैनिक विषयः मोची

समय — गतिविधियां

10:00 से 10:30

स्वागत एवं स्वच्छता जांचः– स्वागत, प्रार्थना, राष्टगान, स्वच्छता जांच व व्यायाम माह के प्रथम सोमवार के अनुरुप।

10:30 से 10:45

नाश्ताः– सभी बच्चों को गोले में बिठाकर नाश्ता वितरित करना एवं बच्चों की उपस्थिति दर्ज करना।

10:45 से 11:15

विषय आधारित वार्तालापः–

आंगनवाडो कार्यकर्ता मुक्त वार्तालाप करते हुए दैनिक विषय पर आएगी जैसेः– क्या मोची को जानते हो ? मोची किसे कहते हैं, वो क्या काम करता है ? जो व्यक्ति जूते बनाता है, या पुराने जूतों को ठीक करता है उस व्यक्ति को मोची कहते हैं। ये चमड़ से कई प्रकार की चीजें बनाता है। मोची बहुत मेहनत से पैरों के लिए जूते बनाता है, इत्यादि जानकारी देकर दैनिक विषय से बच्चों को जोड़ेगी।

11:15 से 11:45

बौद्धिक विकासः– परिकल्पना : आकृति ज्ञान– *(विधि–मिलान, विभेदीकरण, ग्रुपिंग)*

पहले पिछले दो दिन करवाई गई गतिविधियों की संक्षिप्त पुनरावृति करें

(3 से 5+ वर्ष के लिए)

- जमीन पर चौकोर, गोल और त्रिकोण आकृतियां बनाएं फिर कार्यकर्ता बोले– गोल–2 डब्बी, ठुमक–2 के चली।
  बच्चे पूछें– कहां चली ? कार्यकर्ता बोले–त्रिकोण में चली। सभी बच्चे अपनी–2 खाली पॉलिश की डिब्बी त्रिकोण में फैंकेंगे। ऐसे ही चौकोर और गोले में भी खेल करवाएं।
- पॉलिश की खाली डिबिया, जूराबें, फीते, जूते आदि को छंटवा कर अलग–2 समूह बनवाएं।
- समान वस्तुओं/चित्रों का मिलान करवाएं–

3. सभी बच्चों के जूते एक लाईन में लगाकर अपने–2 जूते छांटने को कहे।

4. इन्सर्ट बोर्ड में आकृतियां डलवाएं जैसे– त्रिभुज, चौकोर, आयत व गोला इत्यादि।

11:45 से 12:15

शारीरिक विकासः– उछलना/कूदना

(3 से 5+ वर्ष की आयु वर्ग के लिए)

- पॉलिश की खाली डिब्बी को ऊपर फैंक कर बच्चों को उछल कर पकड़ने को कहें।
- जूतों की लाईन लगाकर उस पर से बच्चों को कूदने को कहें।
- टेढो–मेढो रेखा पर जूते रखवा कर बच्चों से दौड़ लगवाएं।

12:15 से 12:45

भाषा विकासः– कविता/कहानी/पहेली

'BUCKLE MY SHOE' कविता व पहेली कार्यकर्ता सभी बच्चों से एक साथ समूह में दोहराई करवायें।

12:45 से 01:15

सृजनात्मक विकासः– फाड़ना/चिपकाना

(4 से 5 +)

बच्चों को जूते व चप्पलों की आकृतियों पर कागज, पत्ता, टॉफी के कागज फाड़ कर चिपकाने को कहेंगे।

01:15 से 01:45:–

सामाजिक व भावनात्मक विकासः–

कहानी 'दर्जी और हाथी' को कार्यकर्ता कठपुतली/हैंड पपट द्वारा दोहराई करवाएं।



01:45 से 02:00

पोषाहार वितरणः— बच्चों के हाथ धुलवाकर गोले में बिठाकर पोषाहार वितरण से पहले माह के प्रथम दिन करवाई गई प्रार्थना दोहराएं।

//**********//

माह– जनवरी

विषयः हमारे सहायक

पहला सप्ताह — साप्ताहिक विषयः हमारे सहायक

वीरवार — दैनिक विषयः धोबी

समय — गतिविधियां

10:00 से 10:30

स्वागत एवं स्वच्छता जांचः– स्वागत, प्रार्थना, राष्टगान, स्वच्छता जांच व व्यायाम माह के प्रथम सोमवार के अनुरुप।

10:30 से 10:45

नाश्ताः– सभी बच्चों को गोले में बिठाकर नाश्ता वितरित करना एवं बच्चों की उपस्थिति दर्ज करना।

10:45 से 11:15

विषय आधारित वार्तालापः–

आंगनवाड़ो कार्यकर्ता बच्चों से प्रश्न पूछे कि बच्चा, आपके घर में कपड़ कौन धोता है ? बड़–2 होटलों, अस्पतालों इत्यादि के कपड़ कौन धोता है ? वो मम्मी नहीं धोती वो काम हमारे सहायक धोबी करते हैं। क्या आपने धोबी को काम करते देखा है ? कपड़ धोने के लिए मम्मी क्या–2 चीजें लेती है, इत्यादि हल्के–फुल्के प्रश्नों से धोबी की जानकारी दें।

11:15 से 11:45

बौद्धिक विकासः– परिकल्पना : पुर्व संख्याबोधः– छोटा–बड़ा, मोटा–पतला,लम्बा–छोटा *(विधि–मिलान, विभेदीकरण, ग्रुपिंग)*

पहले पिछले तीन दिन करवाई गई गतिविधियों की संक्षिप्त पुनरावृति करें

- खेलः– हरा समन्दर, गोपी चन्द, बोल मेरी मछली कितना पानी। इतना पानी, कितना पानी..... करवाएं।
- बच्चों को छोटे–बड साबून, छोटे–बड़ ब्रश, छोटे–बड़ बाल्टी छोटे–बड़ मग छोटे–बड़ कपड़ पीटने वाली थपकी इत्यादि छांट के अलग करने को कहें।
- मोटे–पतले कपड़ छंटवायें जैसे ऊन का स्वेटर, सूती रुमाल इत्यादि।

- बच्चों को लंबे से छोटे कपड़ों की कतरों को क्रमबद्ध करने को कहें। बच्चों को छोटी कतरन दिखाएं फिर सबसे बड़ो दिखाएं और उन्हें एक ही आकार की कतरन छांटने को कहें।

11:45 से 12:15

शारीरिक विकासः— रेंगना/लुढकना

दो बच्चों को दुपटटा पकड़वायें उसके नीचे से बच्चे लुढकते जाएं जो बच्चा दुपटटे को छूएगा वो खेल से बाहर हो जाएगा।

टेढो—मेढो रस्सी पर बच्चे रेंगते जाएंगे।

12:15 से 12:45

भाषा विकासः— कविता/कहानी/पहेली

'BUCKLE MY SHOE' कविता व पहेली कार्यकर्ता सभी बच्चों से अलग—2 दोहराई करवायें।

12:45 से 01:15

सृजनात्मक विकासः— पिरोना/छांटना

(3 से 4)

आंगनवाड़ो कार्यकर्ता बच्चों से कपड़ों के छोटे—2 टुकड़ों को छांट कर उसमें कैंची से छेद करके धागे में अपनी इच्छानुसार पिरोने को कहेगी।

(4 से 5 +)

इस वर्ग के बच्चे विभिन्न आकार के खाली डिब्बों के उपर कपड़ों के रंग—बिरंगे छोटे—2 टुकड़ चिपकाकर पेन्सिल होल्डर, सामान रखने के डिब्बे तैयार करेंगे।

खाली डिब्बों को छेद करके पिरोने को कहें। साबून के खाली रैपर को उन में पिरोने को कहें।

01:15 से 01:45

सामाजिक व भावनात्मक विकासः—

कहानी 'दर्जी और हाथी' का कार्यकर्ता नाटकीकरण द्वारा दोहराई करवाएं।



01:45 से 02:00

पोषाहार वितरणः— बच्चों के हाथ धुलवाकर गोले में बिठाकर पोषाहार वितरण से पहले माह के प्रथम दिन करवाई गई प्रार्थना दोहराएं।

//**********//

माह– जनवरी

विषयः हमारे सहायक

पहला सप्ताह | साप्ताहिक विषयः हमारे सहायक

शुक्रवार | दैनिक विषयः नाई

समय | गतिविधियां

स्वागत एवं स्वच्छता जांचः– स्वागत, प्रार्थना, राष्टगान, स्वच्छता जांच व व्यायाम माह के प्रथम सोमवार के अनुरुप।

10:30 से 10:45

नाश्ताः– सभी बच्चों को गोले में बिठाकर नाश्ता वितरित करना एवं बच्चों की उपस्थिति दर्ज करना।

10:45 से 11:15

विषय आधारित वार्तालापः–

आंगनवाडो कार्यकर्ता मुक्त वार्तालाप करते हुए दैनिक विषय पर आएगी जैसेः– बाल कटवाने कहॉ जाते हो ? क्या बाल मम्मी–पापा काटते हैं ? बाल कौन काटता है ? उसके पास क्या–2 होता ह ? कौन–2 बाल कटवाते हुए रोता है, इत्यादि।

शिक्षण सामग्रीः कंघी, कैंची, तेल, क्रीम,शीशा व कुर्सी।

11:15 से 11:45

बौद्धिक विकासः– परिल्पनाः क्रमबद्ध सोच

पहले पिछले चार दिन करवाई गई गतिविधियों की संक्षिप्त पुनरावृति करें

- बच्चों से हाथ–मुंह धोने, तेल लगाने व कंघी करने का मूक अभिनय क्रमानुसार करवाएं।
- एक समान वस्तुओं/चित्रों का मिलान करवाएं–

- एक दूसरे का साथी ढूंढने को कहें

<u>11:45 से 12:15</u>

शारीरिक विकासः— <u>गेंद के खेल</u>

(सभी आयु वर्ग के बच्चों के लिए)

बच्चों को कंघी करने व तेल लगाने का अभिनय करवाएं। इन क्रियाओं द्वारा बच्चों की छोटी मांसपेशियों का विकास होगा।

बच्चों को गेंद से कंघी, कैंची, उस्तरा, नेलकटर, साबून, क्रोम की शीशी आदि पर निशाना लगाना को कहें।

<u>12:15 से 12:45</u>

भाषा विकासः— <u>कविता/कहानी/पहेली</u>

'BUCKLE MY SHOE' कविता व पहेली कार्यकर्ता सभी बच्चों से अलग–2 दोहराई करवायें।

12:45 से 01:15

सृजनात्मक विकासः— मिट्टी/पानी के खेल

(सभी वर्गो के लिए)

1. पानी में साबून मिलाकर उसके बुलबुले बनवाएं।
2. मिट्टी द्वाराः मिट्टी को सपाट करके उस पर कंघी छपवाएं।
3. क्ले से कंघी, नेल कटर, साबून, तेल की बोतल आदि की आकृतियां बनवाएं।

01:15 से 01:45

सामाजिक व भावनात्मक विकासः—

कहानी 'दर्जी और हाथी' को कार्यकर्ता मुखौटों से नाटकीकरण द्वारा दोहराई करवाएं।



01:45 से 02:00

पोषाहार वितरणः— बच्चों के हाथ धुलवाकर गोले में बिठाकर पोषाहार वितरण से पहले माह के प्रथम दिन करवाई गई प्रार्थना दोहराएं।

//**********//

माह– जनवरी

विषयः हमारे सहायक

दूसरा सप्ताह | साप्ताहिक विषयः हमारे सहायक

सोमवार | दैनिक विषयः डॉक्टर

समय | गतिविधियां

10:00 से 10:30

स्वागत एवं स्वच्छता जांचः– स्वागत, प्रार्थना, राष्टगान, स्वच्छता जांच व व्यायाम माह के प्रथम सोमवार के अनुरुप।

10:30 से 10:45

नाश्ताः– सभी बच्चों को गोले में बिठाकर नाश्ता वितरित करना एवं बच्चों की उपस्थिति दर्ज करना।

10:45 से 11:15

विषय आधारित वार्तालापः–

आंगनवाडो कार्यकर्ता मुक्त वार्तालाप के दौरान बच्चों को छोटी–2 बीमारियों के बारे में बताएं जैसे– जुकाम, बुखार आदि के बारे में बातचीत करे फिर पूछें कि बीमार होने पर कहॉ जाते हैं ? डॉक्टर बीमार होने पर क्या देता है ? किस–2 ने डॉक्टर देखा है ? डॉक्टर के पास क्या–2 देखा है, इत्यादि।

11:15 से 11:45

बौद्धिक विकासः– परिकल्पना : श्रव्य/दृश्य– *(विधि–मिलान, विभेदीकरण, ग्रुपिंग)*

(3 से 4 वर्ष के लिए)

- कविता द्वारा खेलः– कविता में जहां–2 डॉक्टर शब्द आए तो सभी बच्चों को ताली बजाने को कहें जो नहीं बजाएगा वो खेल से बाहर।

  डॉक्टर देखो मेरी गुडिया, कल से गुडिया हुई बीमार।
  डॉक्टर इसको 104 बुखार, डॉक्टर दे दो पुड़िया चार।
  डॉक्टर अब न पड़े बीमार, कर दो डॉक्टर ऐसा उपचार।

- बच्चों को रुई, दवाई के खाली पत्त, खाली दवाई की शीशी आदि रखकर आंख पर पटटी बांध कर स्पर्श से अलग–2 छांटने को कहें।

रुई

दवाई की शीशी


दवाई का खाली पत्ता

(4 से 5+ वर्ष के लिए)
पुदीना, तुलसी, प्याज, नींबू, शहद आदि सूंघकर हरे पत्ते वाली, उसके बाद खटटी फिर मीठी उसके बाद आंख में आंसू लाने वाली चीजों को कम से लगाने को कहें।

पुदीना

तुलसी

प्याज

नींबू

शहद

<u>11:45 से 12:15</u>

शारीरिक विकासः– <u>चलना/संतुलन बनाना</u>
(सभी आयु वर्ग के लिए)

- बच्चों के सिर पर दवाई के खाली पत्ते रखकर, संतुलन बनाकर बिना पत्ते गिराए चलने को कहें। जमीन पर स्टेथोस्कोप का बड़ा चित्र बनाकर उस पर चलने को कहें।
- दवाई की खाली प्लास्टिक की बोतल सिर पर रख कर, संतुलन बनाके चलने को कहें।

<u>12:15 से 12:45</u>

भाषा विकासः– <u>कविता/कहानी/पहेली</u>
कविता 'डॉक्टर देखो भली प्रकार' व पहेली को कार्यकर्ता अपने साथ करवाएं।

डॉक्टर देखो भली प्रकार,
मेरी गुड़िया पड़ो बीमार।
कल था बरसा छम–छम पानी,
उसमें भीगी गुड़िया रानी।
गीले कपडे दिये उतार,
फिर भी गुड़िया पड़ो बीमार।
कांप रही है मेरी गुड़िया,
दे दो इसे दवा की पुड़िया।

पहेली– सुई हमे लगाता है

गोली दवा खिलाता है
मिनटों में राहत दिलाता है
बीमारी दूर भगाता है। बोलो क्या ? उत्तर– डॉक्टर

12:45 से 01:15

सृजनात्मक विकासः– रंग भरना/चित्रकला

(3 से 5 +)

बच्चों से इंजेक्शन, थर्मामीटर, डॉक्टर कोट, स्टेथोस्कोप आदि की आकृतियां बनाकर रंग भरवांए।

गोली के बड़ आकार बनाकर रंग भरने को कहें, जैसे–पीली गोली, लाल गोली, नीली गोली आदि।

01:15 से 01:45

सामाजिक व भावनात्मक विकासः–

कहानी 'डॉक्टर अंकल' को कार्यकर्ता स्टोरी चार्ट द्वारा करवायें।

एक गांव में सूरज और दीपा रहते थे। दोनों में गहरी दोस्ती थी। दोनों एक ही स्कूल में पढने जाते थे पर दोनों में एक बड़ा अन्तर था। दीपा का घर और आस–पास का वातावरण साफ–सुथरा रहता था पर सूरज के घर में गन्दगी थी। उसके घर में धूप ठीक से नहीं आती थी। घर के बाहर नाली भी खुली थी। उसमें कचरा जमा हो गया था और पानी निकल नहीं पाता था। इससे वहां कीड़, मकोड़, मच्छर, मक्खी पैदा हो गए थे। एक दिन सूरज स्कूल नहीं आया क्योंकि उसे बुखार हो गया था। उसकी मां ने कुछ दवा भी दी, पर सूरज का बुखार नहों उतरा। दो तीन दिन बाद सूरज स्कूल नहीं पहुंचा तो दीपा उसे घर पर देखने आई। सूरज के घर की गन्दगी देखकर उसने कुछ नहीं कहा पर सूरज की हालत देखकर उसने सूरज की मां से डॉक्टर बुलाने को कहा। दीपा स्वयं जाकर डॉक्टर को लेकर आई। डॉक्टर ने सूरज का हाल देखकर कहा कि उसे मच्छर काटने से मलेरिया हो गया है। और सूरज को उसने मलेरिया की दवा दी। पर डॉक्टर ने सूरज की मां को समझाया कि उसे अपने घर में सफाई रखनी चाहिए और नाली में गंदे पानी व कचरा को साफ करवाना चाहिए और पानी को जमा नहीं होने देना चाहिए। नही तो मच्छर पैदा हो जाते हैं अब सूरज की मां को अपनी गलती पता चल गई। उसने दूसरे दिन ही अपने घर की सफाई की। मच्छर मारने की दवा डलवाई। नगरपालिका के लोगों

को बुलाकर नाली साफ करवाई और नाली में दवा डलवाई। इससे सारे मच्छर मर गए। सूरज भी अच्छा होकर स्कूल आने लगा था। अब वह भी खूब साफ रहने लगा। तो बच्चों हमें भी दीपा और सूरज की तरह साफ–सुथरा रहना चाहिए।

01:45 से 02:00

पोषाहार वितरणः– बच्चों के हाथ धुलवाकर गोले में बिठाकर पोषाहार वितरण से पहले माह के प्रथम दिन करवाई गई प्रार्थना दोहराएं।

//**********//

माह– जनवरी

विषयः हमारे सहायक

दूसरा सप्ताह — साप्ताहिक विषयः हमारे सहायक

मंगलवार — दैनिक विषयः नर्स

A Nurse gives us shots and medicine

समय — गतिविधियां

10:00 से 10:30

स्वागत एवं स्वच्छता जांचः– स्वागत, प्रार्थना, राष्टगान, स्वच्छता जांच व व्यायाम माह के प्रथम सोमवार के अनुरुप।

10:30 से 10:45

नाश्ताः– सभी बच्चों को गोले में बिठाकर नाश्ता वितरित करना एवं बच्चों की उपस्थिति दर्ज करना।

10:45 से 11:15

विषय आधारित वार्तालापः–

आंगनवाडो कार्यकर्ता मुक्त वार्तालाप करते हुए दैनिक विषय पर आएगी जैसेः– नर्स के बारे में बातचीत करें। फिर उनसे पूछें कि क्या किसी ने नर्स देखी है ? वो कैसे कपड़ पहनती है, डॉक्टर की मदद कैसे करती है, मरीज की देखभाल कैसे करती हैं, इत्यादि। फिर बच्चों को नस का चित्र दिखाएंगे और नर्स तथा डॉक्टर में अन्तर भी बताएंगी।

बौद्धिक विकासः– परिकल्पना : रंगो का ज्ञान– *(विधि – पृथकीकरण, छांटना व कमबद्ध)*

पहले पिछले कल करवाई गई गतिविधियों की संक्षिप्त पुनरावृति करें

(3 से 5+ वर्ष के लिए)

- सभी बच्चों को गोलाकार खड़ा करें फिर कार्यकर्ता कहे– रंग–रंग–रंग, बताओ रेखा की फ्रॉक का, सुनील के स्वेटर का, गीता के बैग का, इत्यादि। सभी बच्चे निर्देश के अनुसार उसी बच्चे का रंग बताएंगे।
- नर्स के काम में आने वाली चीजों को डॉक्टर सैट में से अलग–2 करवाएं।
- एक समान रंगो वाली वस्तुओं/चित्रों का मिलान करवाएं–

नीला इंजैक्शन

लाल कोट

लाल कोट

नीला इंजैक्शन

हरी दवाई

काली स्कर्ट

काली स्कर्ट

पीला रुमाल

पीला रुमाल

हरी दवाई

- इंजैक्शन, दवाई के खाली पत्ते, स्टैथोस्कोप इत्यादि के कार्ड छंटवाकर समूह बनवाएं।

इंजेक्शन



दवाई

स्टेथोस्कोप

<u>11:45 से 12:15</u>

शारीरिक विकासः– <u>भागना/दौड़ना</u>

(3 से 5+ वर्ष के लिए)

थोड़ो–2 दूरी पर एक–2 बच्चे को खड़ा करें। पहला बच्चा दूसरे बच्चे के पास जाकर इंजैक्शन की तरह हल्की सी च्यूंटी काटे फिर वो बच्चा दौड़। ऐसा करके बारी–2 सभी बच्चे दौड़।

बच्चों को गोलाकार में दौड़ाएं व कार्यकर्ता बीच में खड़ो होकर निर्देश दें। बारी–2 सभी बच्चे दौड़।

दौड़ो बच्चो नर्स आई, अपने साथ क्या–2 लाई ?

क्या लाई पूछने पर बच्चे रुककर इंजैक्शन लगाने का अभिनय करें।

फिर से दौड़ा–2 बच्चों बीमारी आई, अपने साथ क्या लाई ?

क्या लाई पूछने पर बच्चे रुककर सुस्त व बीमार होने का अभिनय करेंगे।

फिर से दौड़ो बच्चो डॉक्टर आया, अपने साथ क्या लाया ?

क्या लाया पूछने पर बच्चे जोड़ मे एक दूसरे की धड़कन सुनने का अभिनय करेंगे।

12:15 से 12:45

भाषा विकासः— कविता/कहानी/पहेली

''डॉक्टर देखो भली प्रकार'' कविता व पहेली की दोहराई कार्यकर्ता अपने साथ करवाये।

12:45 से 01:15

सृजनात्मक विकासः— छापना एवं पेन्टिग

(3 से 5+ वर्ष के लिए)

दवाईयों के खाली पत्ते, खाली शीशी के ढक्कन, रुई, पटटी आदि के छापे लगवायें।

01:15 से 01:45

सामाजिक व भावनात्मक विकासः—

कहानी 'डॉक्टर अंकल' को कार्यकर्ता फ्लैश काड़ द्वारा दोहराई करवायें।

01:45 से 02:00

पोषाहार वितरणः— बच्चों के हाथ धुलवाकर गोले में बिठाकर पोषाहार वितरण से पहले माह के प्रथम दिन करवाई गई प्रार्थना दोहराएं।

//**********//

माह– जनवरी

विषयः हमारे सहायक

दूसरा सप्ताह — साप्ताहिक विषयः हमारे सहायक

बुधवार — दैनिक विषयः अध्यापक



समय — गतिविधियां

10:00 से 10:30

स्वागत एवं स्वच्छता जांचः– स्वागत, प्रार्थना, राष्टगान, स्वच्छता जांच व व्यायाम माह के प्रथम सोमवार के अनुरुप।

10:30 से 10:45

नाश्ताः– सभी बच्चों को गोले में बिठाकर नाश्ता वितरित करना एवं बच्चों की उपस्थिति दर्ज करना।

10:45 से 11:15

विषय आधारित वार्तालापः–

आंगनवाडो कार्यकर्ता मुक्त वार्तालाप करते हुए दैनिक विषय पर आएगी जैसेः– किस–2 के भैया–दीदी स्कूल जाते हैं ? उन्हें वहॉ कौन पढाता है ? किस–2 के मम्मी–पापा अध्यापक हैं ? फिर बताएं कि अध्यापक वह होता है जो हमारा मार्ग दर्शन करता है अध्यापक को गुरु भी कहा जाता है। मतलब कि किसी भी विषय वस्तु का गुर, गुण की जानकारी आसानी से देनेवाला ही गुरु या अध्यापक होता है। बच्चों को पढाते समय अध्यापक के हाथ में एक पुस्तक होती है, जो आयत के आकार की होती है। अर्थात चौरस–चौकोर। बैठने क लिए लम्बी टाट–पट्टी।

11:15 से 11:45

बौद्धिक विकासः– परिकल्पना : आकृति ज्ञान– *(विधि–मिलान, विभेदीकरण, ग्रुपिंग)*

पहले पिछले दो दिन करवाई गई गतिविधियों की संक्षिप्त पुनरावृति करें

(3–5+ वर्ग हेतु)

- बच्चों को आकार के आधार पर किताबें, ज्योमेटो बॉक्स, पेन्सिल, डण्डा, चॉक आदि छांटने को कहें।

चौकोर

ज्योमेट्री बॉक्स आयताकार

पेन्सिल लम्बी

- फ्लैश कार्ड से अध्यापक के काम में आने वाली चीजों को कमबद्ध लगवायें।
- बच्चों को अध्यापक व डॉक्टर के काम आने वाली चीजों के फ्लैश कार्ड देकर उन्हें डॉक्टर के काम आने वाली चीजों को अलग करने को कहें।

11:45 से 12:15

शारीरिक विकासः— <u>उछलना/कूदना</u>

बच्चों को गोलाकार में खड़ कर निर्देश दें—
राम बोले—उछलो, बच्चे उछलें जब राम बोले—मेंढक बन के कूदों। बच्चे मेंढक बन कूदेंगे। राम बोले— बंदर बनो, उछलो, बच्चे बंदर की तरह उछलेंगे।
कार्यकर्ता बच्चों से ताली मारने को कहें, गिनती के साथ कार्यकर्ता बच्चों को उछलने को कहें इस प्रकार शारीरिक विकास होगा।

12:15 से 12:45

भाषा विकासः— <u>कविता/कहानी/पहेली</u>

''डॉक्टर देखो भली प्रकार'' कविता व पहेली कार्यकर्ता समूह में दोहराई करवाये।

12:45 से 01:15

सृजनात्मक विकासः— <u>फाडना/चिपकाना</u>

ब्लैकबोर्ड के चित्र पर बच्चों को छोटी डंडिया, चॉक के टुकड़, फटे कागज चिपकाने को कहेंगे।

01:15 से 01:45

सामाजिक व भावनात्मक विकासः—

कहानी 'डॉक्टर अंकल' को कार्यकर्ता कठपुतली/ हैंड पपट द्वारा दोहराई करवायें।

01:45 से 02:00

पोषाहार वितरणः— बच्चों के हाथ धुलवाकर गोले में बिठाकर पोषाहार वितरण से पहले माह के प्रथम दिन करवाई गई प्रार्थना दोहराएं।

//**********//

माह– जनवरी

विषयः हमारे सहायक

दूसरा सप्ताह
वीरवार

साप्ताहिक विषयः हमारे सहायक
दैनिक विषयः पायलट

समय

गतिविधियां

10:00 से 10:30

स्वागत एवं स्वच्छता जांचः– स्वागत, प्रार्थना, राष्टगान, स्वच्छता जांच व व्यायाम माह के प्रथम सोमवार के अनुरुप।

10:30 से 10:45

नाश्ताः– सभी बच्चों को गोले में बिठाकर नाश्ता वितरित करना एवं बच्चों की उपस्थिति दर्ज करना।

10:45 से 11:15

विषय आधारित वार्तालापः–

आंगनवाड़ो कार्यकर्ता साधारण भाषा में बच्चों से बातचीत करेगी, जैसे– बच्चों, बड़ होकर कौन क्या बनगा, कौन–2 बच्चे गुब्बारे के जैसे हवा में हवाई जाहज व हैलीकाप्टर उड़ाएंगे ? किस–2 ने हवा में उड़ते हुए हवाई जहाज, हैलीकॉप्टर व रॉकेट देखें हैं ? कौन–2 बच्चे मम्मी–पापा के साथ हवाई जहाज में कहीं गये हैं। क्या हवाई जहाज को टाटा करते हो ? हवाई जहाज कौन उड़ाता है ?

11:15 से 11:45

बौद्धिक विकासः– परिकल्पनाः समय / दूरी / दिशा–

(विधि–आगे–पीछे, पहले–बाद में, दांए–बांए)

पहले पिछले तीन दिन करवाई गई गतिविधियों की संक्षिप्त पुनरावृति करें

(3–4 वर्ग हेतु)

- सामग्रीः– पायलट कार्ड, डाइवर कार्ड, हवाई जहाज, हैलीकॉप्टर बस, टक, रॉकेट, रेलगाड़ो, कार, जीप आदि के कार्ड।
- कार्ड मिलानः– आंगनवाड़ो कार्यकर्ता सभी बच्चों को पायलट क्या–2 उड़ाता है ? उसके कार्ड के साथ मिलाने को कहें तथा ड्राईवर क्या–2 चलाता है उसके साथ मिलाने का कहेंगे।

(4–5+ वर्ग हेतु)

- बस और हवाई जहाज के चित्र बनाकर निश्चित दूरी दिखाकर बच्चों से पूछें कि जो पहले पहुंचेगा उसमें सही का निशान लगायें।
- कौन पहले पहुंचेगा–



- ज्यादा दूरी कम समय में व कम दूरी ज्यादा समय में तय करने वाले यातायात के साधनों के कार्ड छंटवाकर अलग समूह बनवायें।

ज्यादा दूरी कम समय में तय करने वाले यातायात के साधन



हवाई जहाज बस रेलगाड़ो

कम दूरी ज्यादा समय में तय करने वाले यातायात के साधन



बैलगाड़ी साईकिल रिक्शा

11:45 से 12:15

शारीरिक विकासः– रेंगना, लुढकना

- आंगनवाड़ो कार्यकर्ता बच्चों से विभिन्न अभिनय दौड़ लगवाएगी। जैसेः– तांगा दौड़, स्कुटर दौड़, हवाई जहाज दौड़, कार दौड़ रेलगाड़ो दौड़।
- बच्चों को मगरमच्छ की तरह सीधा व सांप की तरह टेढा–मेढा रेंगने को कहें, ढोलक की तरह लुढकने को कहें।

12:15 से 12:45

भाषा विकासः– कविता/कहानी/पहेली

''डॉक्टर देखो भली प्रकार'' कविता व पहेली कार्यकर्ता बच्चों से अकेले–2 दोहराई करवाये।

<u>12:45 से 01:15</u>

सृजनात्मक विकासः– <u>पिरोना/छांटना</u>

पेपर फोल्डिंग से बच्चों से हवाई जहाज बनवाएं व उडवाएं।





फिर उन्हें दोबारा उठाके अपनी–2 माला की तरह धागें में पिरोएं, गिनवायें। जिसकी माला में सबसे ज्यादा हवाई जहाज हों, वो विजेता होगा।

<u>01:15 से 01:45</u>

सामाजिक व भावनात्मक विकासः–

कहानी 'डॉक्टर अंकल' को कार्यकर्ता बच्चों से नाटकीकरण द्वारा दोहराई करवायें।

<u>01:45 से 02:00</u>

पोषाहार वितरणः– बच्चों के हाथ धुलवाकर गोले में बिठाकर पोषाहार वितरण से पहले माह के प्रथम दिन करवाई गई प्रार्थना दोहराएं।

//*********************************//

माह– जनवरी

विषयः हमारे सहायक

दूसरा सप्ताह — साप्ताहिक विषयः हमारे सहायक

शुक्रवार — दैनिक विषयः पुलिस

समय — गतिविधियां

10:00 से 10:30

स्वागत एवं स्वच्छता जांचः– स्वागत, प्रार्थना, राष्टगान, स्वच्छता जांच व व्यायाम माह के प्रथम सोमवार के अनुरुप।

10:30 से 10:45

नाश्ताः– सभी बच्चों को गोले में बिठाकर नाश्ता वितरित करना एवं बच्चों की उपस्थिति दर्ज करना।

10:45 से 11:15

विषय आधारित वार्तालापः–

आंगनवाडो कार्यकर्ता मुक्त वार्तालाप करते हुए दैनिक विषय पर आएगी जैसेः– किस–2 ने पुलिस को देखा है ? किस के पापा, चाचा पुलिस हैं ? पुलिस क्या–2 काम करती है, पुलिस की वर्दी किस रंग की होती है।, इत्यादि।

11:15 से 11:45

बौद्धिक विकासः– पजल

पहले पिछले चार दिन करवाई गई गतिविधियों की संक्षिप्त पुनरावृति करें

(3 से 5+ वर्ष के लिए)

- जोड़ा खोजो–

B

A

G

C

- पुलिस के चित्र को कार्ड के माध्यम से पजल गेम करवायें।

- चोर के सामान व पुलिस के सामान को अलग–2 छांटना– गठरी, मास्टर चाबी, हथौड़ो, छोटी टॉर्च।

11:45 से 12:15

शारीरिक विकासः– गेंद का खेल

चोर पुलिस का खेलः–
भागो–भागो चोर पुलिस आई,
भागो–भागो चोर पुलिस आई।
गेंद के खेलः– चोर पर गेंद से निशाने लगाने को कहेंगे।
गेंद से कैच–2 खेलना, गेंद को एक दूसरे के पास फैंकना।

12:15 से 12:45

भाषा विकासः– कविता/कहानी/पहेली

